“Delhi Ki Raftar” – A UNITED RESIDENT JOINT ACTION - URJA INITIATIVE

''दिल्ली की रफ्तार'' – युनाइटेड रेज़िडेंट जॉइंट ऐक्शन तथा इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन डिज़ाइनर्स, दिल्ली चैप्टर की पहल. 26 दिसंबर 2018 को इंडिया इंटरनैशनल सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली (भारत) में

सिम्पोज़ियम के बारे में:

इस सिम्पोज़ियम में वार्ड स्तर पर तीव्र आवागमन व संवहनीय विकास के माध्यम से भीड़भाड़ कम करने के लिए मौजूदा नीतियों की स्थिति पर विचार किया जाएगा। साथ ही, नीति निर्माताओं, अमल करने वालों व अंतिम लाभार्थियों के बीच नेटवर्किंग एवं संवाद की जरूरत पर प्रकाश डाला जाएगा ताकि जमीनी स्तर पर जानकारी में इज़ाफा हो तथा जनता की ज्यादा सहभागिता को प्रोत्साहित किया जा सके।

यह सिम्पोज़ियम 5 सितंबर को ऊर्जा द्वारा आयोजित सेमिनार की अगली कड़ी है; ''रुकी हुई दिल्ली'' नामक उस सम्मेलन में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भीड़भाड़ व प्रदूषण पर चर्चा की गई थी। उस सम्मेलन में प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया था जिनमें परिवहन विशेषज्ञ, टाउन प्लानर, अर्बन डिजाइनर, आर्किटैक्ट, सरकारी अधिकारी, उद्योग व आरडब्ल्यूए के नुमाइंदे शामिल थे। चर्चा के दौरान यह बात साफ तौर पर उभर कर आई की जमीनी स्तर पर अधिकांश नीतिगत नाकामियों का बड़ा कारण था– वार्ड स्तरीय जन परामर्श प्रक्रिया का अभाव। यह तथ्य संज्ञान में आया की शहर में भीड़ और प्रदूषण से निपटने की दिशा में जितने भी बड़े प्रयास किए गए उनमें यही प्रमुख बाधा रही। साथ ही, इस पर भी बल दिया गया की वार्ड स्तर पर नीति को तीव्रता से लागू करने के लिए एक फास्ट ट्रैक, अर्थपूर्ण परामर्श प्रक्रिया विकसित करने की सख्त आवश्यकता है।

इस तत्काल जरूरत के आधार पर, 'दिल्ली की रफ्तार' सिम्पोज़ियम आयोजित किया जा रहा है जो युनाइटेड रेज़िडेंट जॉइंट ऐक्शन और इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन डिज़ाइनर्स, दिल्ली एनसीआर चैप्टर की पहल है। इसका उद्देश्य एक प्रखर अभियान शुरु करना है जो दिल्ली की आर.डब्ल्यू.ए. तथा मार्केट ऐसोसिएशनों को विविध जन नीति कार्यक्रमों से जोड़ने का काम कर सके। इस मुहिम में उनकी अहम चिंताओं, जरूरतों व आकांक्षाओं पर रोशनी डाली जाएगी। ऐसा संवाद लोगों को सशक्त व सूचित करने में सहायक सिद्ध होंगे और वे अपने वार्ड के विकास में शामिल हो पाएंगे। URAJ और IUDI NCR ने अपने नॉलिज पार्टनर्स के साथ 272 वार्ड स्तरीय योजना समितियों के गठन के लिए परामर्श प्रक्रिया आरंभ की है। वास्तव में, इसने पहला पायलट लोकल एरिया प्लान (LAP) पूरा भी कर लिया है जिसमें पश्चिमी दिल्ली के 6 म्यूनिसिपल वार्ड और एसएसएए, गुड़गांव शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, यह सिम्पोज़ियम एक 'संयुक्त जन मंच' स्थापित करने की भी कोशिश है जिसके तहत दिल्ली के नागरिक समुदायों और बाजार समितियों के लिए बहुपक्षीय आदान–प्रदान का अवसर भी दिया जाएगा। यह मंच दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के संवहनीय विकास एवं प्रदूषण मुक्त राजधानी हेतु अभिनव नीतियों व सहयोगी तकनीकों को भी प्रोत्साहन देगा। समन्वय बढ़ाने का स्पष्ट लक्ष्य रखा गया है और इस प्रकार परस्पर लाभकारी दीर्घकालीन लक्ष्यों की प्राप्ति की जाएगी। ऐसे कदम शहरी योजनाकारों, शहरी डिजाइनरों, नीति निर्माताओं, प्रैक्टिशनरों, सिविल सोसाइटी संगठनों, अकादमिक संस्थानों, निजी शोधकर्ताओं तथा उद्योग जगत को एक दूसरे के करीब लाएंगे और वे तेजी से दिल्ली की भीड़ कम करने के लिए मिलजुल का काम कर पाएंगे। हमारा लक्ष्य 'दिल्ली सिटीज़ंस चार्टर फॉर लोकल एरिया प्लान' (डीसीसीएलएपी) विकसित करना है जिसका विज़न है 2030 तक दिल्ली को रहने लायक बनाना।

URAJ और IUDI इस सिम्पोज़ियम में भाग लेने के लिए आप सबका स्वागत करते हैं। आईए और इस मंच से जुड़िए और इस अभियान के निर्माण में मदद कीजिए।

सहयोग:

Knowledge Partners: